समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# दिन मे नौकरी, रात मे पंढ़ाई, ऐसे बिना कोचिंग UPSC क्रैक....

Publisher Published on 22 Jan 2025



## Shweta Bharti UPSC: 2020 मे श्वेता भारती ने बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) की 65वीं परीक्षा मे 65वां स्थान प्राप्त किया.

एग्जाम एक्सपर्ट अक्सर सुझाव देते हैं कि **यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई)** जैसे एग्जाम की तैयारी के लिए रोजाना **10-12 घंटे** पढ़ाई करने की जरूरत होती है. हालांकि, **बिहार की श्वेता भारती** ने प्राइवेट सेक्टर में 9 घंटे की नौकरी के साथ अपनी सीएसई परीक्षा की तैयारी को बैलेंस करके इस धारणा को गलत साबित कर दिया.

2021 में भारतीय प्रशासनिक सेवा (**IAS**) की अधिकारी **श्वेता भारती** ने **संघ लोक सेवा परीक्षा (UPSC)** पास की. वह वर्तमान में बिहार के भागलपुर में तैनात हैं. वह बिहार के नालंदा क्षेत्र के राजगीर बाजार की रहने वाली हैं और छोटी उम्र से ही पढ़ाई में अव्वल रहीं.

**यहां से की है पढ़ाई**
**श्वेता भारती** ने अपनी स्कूली शिक्षा **पटना** के **ईशान इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल** से पूरी की. स्कूली शिक्षा के बाद, उन्होंने **भागलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज** से **इलेक्ट्रिकल** और **टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग** में डिग्री हासिल की. अपनी डिग्री पूरी करने के बाद, उन्हें इंडियन मल्टिनेशनल टेक्नोलॉजी कंपनी विप्रो में जॉब मिली.

**विप्रो** में काम करने के दौरान **श्वेता भारती** अभी भी अपना करियर बदलने और सिविल सेवा में जाने की इच्छा रखती थीं. हालांकि, पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण उनका नौकरी छोड़ने का कोई इरादा नहीं था. उन्होंने कथित तौर पर दिन में काम करने और शाम को पढ़ाई करने के बीच अपना समय बांटकर संतुलन बनाया.

इसके अलावा, **श्वेता भारती** मानती हैं कि उन्हें अपनी नौकरी और सिविल सेवा की तैयारी को एक साथ संभालना चुनौतीपूर्ण लगा.

उन्होंने जानबूझकर अपनी परीक्षा की तैयारी के दौरान सोशल मीडिया और ऑनलाइन कम्युनिटीज से दूर रहने का फैसला किया. एक समय तो उन्होंने स्मार्टफोन का इस्तेमाल पूरी तरह से छोड़ने का भी फैसला किया.

**2020 मे श्वेता भारती** ने **बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC)** की 65वीं परीक्षा में 65वां स्थान प्राप्त किया. इसके बाद उन्हें **डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम ऑफिसर (DPO)** के रूप में सरकारी पद मिला. **BPSC** परीक्षा पास करने के बावजूद उन्होंने **UPSC** सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी जारी रखी.

काफी प्रयास के बाद आखिरकार उन्होंने 2021 में **यूपीएससी परीक्षा 356वीं रैकं** के साथ पास कर ली. यूपीएससी 2021 बैच की **आईएएस अधिकारी श्वेता भारती** वर्तमान में बिहार के भागलपुर में असिस्टेंट कलेक्टर के पद पर कार्यरत हैं.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.